सीएम योगी ने कहा, स्वावलंबी यूपी से साकार होगा आत्मनिर्भर भारत का सपना

31 हजार इकाइयों को 2505 करोड़ का कर्ज

विकास को गति

राज्य मुख्यालय | विशेष संवाददाता

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को एक साथ 31,542 सूक्ष्म, छोटे और मंझोले उद्योगों को विस्तार के लिए 2505.58 करोड़ रुपये का ऋण बांटा। साथ ही 'एक जनपद-एक उत्पाद योजना' के तहत चिन्हित उत्पादों के उत्पादन से लेकर विपणन तक की जरूरतों में मदद के लिए विशेष पोर्टल **https://diupmsme.upsdc.gov.in/en** का भी शुभारंभ किया।

उन्होंने नौ जिलों में कॉमन फैसिलिटी सेंटर की आधारशिला भी रखी। ऑनलाइन स्वरोजगार संगम के इस खास मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसे ही ऋण मेले अगले एक माह में सभी 75 जिलों में आयोजित किए जाने चाहिए।

युवा नौकरी देने का लक्ष्य कर रहे तयः मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कार्यक्रम में एमएसएमई इकाइयों की सराहना करते हुए कहा कि युवा वर्ग नौकरी के पीछे भागने की बजाय नौकरी देने की सोच के साथ लक्ष्य तय कर रहा है।

टूल-किट का दिया उपहारः मुख्यमंत्री ने 'विश्वकर्मा श्रम सम्मान के तहत' कविता साहू और मंजू कश्यप को सिलाई, राहुल को बढ़ई, अमित कुमार को सुनार और रिजवान को नाई से जुड़े व्यवसाय के लिए जरूरी टूल-किट का उपहार भी दिया। मुख्यमंत्री ने गाजियाबाद, मैनपुरी, मऊ, मीरजापुर, मुजफ्फरनगर, बिजनौर, आगरा, मुरादाबाद और भदोही में प्रस्तावित कॉमन फैसिलिटी सेंटर का भी शिलान्यास किया।

सीएम योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को लखनऊ में विश्वकर्मा श्रम सम्मान के तहत पांच युवाओं को टूल किट का वितरण किया। इस दौरान मंत्री सिद्धार्थनाथ सिंह भी मौजूद थे।

विश्व में ओडीओपी की चर्चाः सिद्धार्थ नाथ सिंह

एमएसएमई विभाग के मंत्री सिद्धार्थ नाथ सिंह ने कहा कि बीते चार वर्षों में प्रदेश के एमएसएमई सेक्टर ने बड़ी ऊंचाइयां हासिल की हैं। सीएम योगी के अभिनव प्रयोग ओडीओपी की चर्चा न केवल देश, बल्कि विदेशों में भी हो रही है। सरकार ने परंपरागत शिल्प, उद्योगों को विकास के लिए बड़ा संबल दिया है। इससे पहले, एसीएस नवनीत सहगल ने विभागीय गतिविधियों के बारे में संक्षिप्त जानकारी भी दी।

डा. मुखर्जी और पीएम के कारण कश्मीर की प्रगति

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर बुधवार को लखनऊ के सिविल हास्पिटल परिसर में स्थापित उनकी प्रतिमा के सम्मुख चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि जम्मू कश्मीर आज नए ओज और तेज के साथ विकास की मुख्य धारा से जुड़कर लोकतंत्र को एक नई ऊँचाई प्रदान कर रहा है। यह डा. मुखर्जी के विचारों और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के प्रसासों के चलते ही संभव हो सका।